## खबर संक्षेप

### जुलाई से खोले जाएं स्कूल-कर्मचारी संघ

**पांढुर्णा।** वर्तमान में पड रही भीषण गर्मी और शालाओं में बिजली एवं पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए तृतीय कर्मचारी संघ जिला पांढुर्ना के संरक्षक चंद्रशेखर इंगले और जिला इकाई अध्यक्ष रामगोपाल भोयर ने शालाओं में चल रही छुट्टियां को आगे बढाकर 1 जुलाई से स्कूल खोलने की मांग की है। संघ के अनुसार 15-16 जून को स्कूल खोले भी जाएंगे तो गर्मी और पानी की समस्याओं को देखते हुए बच्चों की उपस्थिति शाला में नहीं के बराबर रहेगी। वर्तमान में शिक्षकों का प्रशिक्षण जारी है जिससे कक्षा 1 एव 2 में पढानेवाले शिक्षक व्यस्त है । यह शिक्षकगण शाला में सेवा नहीं दे पाएंगे। परिस्थितियों की गंभीरता को देखते हुए शासन से कर्मचारी संघ ने मांग की है कि शालाओं को आगामी 1 जुलाई से शुरू किया जाए। मांग करनेवालों में प्रदीप कामोने, सुधाकर चिरखे, शेषराव रेवतकर, ओमकार साहू, प्रदीप डोबले, ज्ञानेश्वर जिचकार, शत्रृघ्न मस्तकार, रविंद्र कोहले, सुनील यावले, नंदिता धुर्वे, सविता कठाने तथा रविंद्र कुर्वे शामिल है।

### मेहराखापा और सीतापार की नदी में आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

# आबकारी विभाग ने 4000 किलो महुआ लाहन

# वन विभाग ने जब्त किए सागौन के लट्ठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

पांढुर्णा कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत इक्का के मार्गदर्शन में जिला पांढुर्णा के आबकारी एवं पुलिस बल के द्वारा संयुक्त दबिश के दौरान पांढुर्णा जिले में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिये ग्राम मेहराखापा और सीतापार के नदी नालों में बन रहे अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई, जहां से 4000 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ। जिसे नष्ट कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1) च के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एल.मरावी, आबकारी उपनिरीक्षक श्री नरेंद्र कुमार, पीपला चौकी प्रभारी श्री राजेश सैनी एवं आबकारी तथा पुलिस आरक्षक उपस्थित थे।





### जुन्नारदेव में सागौन के लट्ठे जब्त

जुन्नारदेव में पटलीखेड़ा निवासी सुखराम वल्द फगन राजभोपा अपने घर में बिना अनुमति के मशीन द्वारा सागौन के लट्ठों की चिराई कर चौखट, दरवाजे एवं फर्नीचर आदि का काम काम रहा था। वन परिक्षेत्र अधिकारी को सूचना मिलने के बाद मौके पर टीम ने पहुंचकर 1.193 घनमीटर अवैध सागौन के लट्ठे जब्त किए।

### पिकनिक मनाने दोस्तों के साथ पहुंचा था डैम

# भरतादेव डैम में डूबा बालक एसडीआरएफ टीम ने शव किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

भरतादेव डैम में शनिवार को एक युवक की पार्टी मनाने के दौरान मौत हो गई। छिंदवाड़ा के भरतादेव डेम पर शनिवार शाम को पार्टी मनाने गए 16 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। ध्रुव मालवी नाम का यह किशोर शिवम कॉलोनी पाठाढाना का रहने वाला था। वह अपने 7-8 दोस्तों के साथ डेम पहुंचा था। नहाते समय अचानक वह गहराई में चला गया और डूबने लगा। दोस्तों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं बच पाया।हादसे के करीब 2 घंटे बाद SDRF की टीम ने उसका शव पानी से बाहर निकाला।शनिवार को ध्रुव अपने दोस्तों के साथ भरतादेव डेम पर पार्टी मनाने गया था।



सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार ने तत्काल SDRF टीम को बुलवाया। बारिश और फिसलन भरे रास्तों के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। बोट से पानी में जाल डाला गया और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद शाम 6:30 बजे शव बरामद किया गया।

# पांढुर्ना में जिला अध्यक्ष तय करने पहुंचे कांग्रेस पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पर्यवेक्षक एवं पूर्व लोकसभा सदस्य अब्दुल खलीक तथा मप्र कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं पांढुर्ना जिला कांग्रेस प्रभारी रामू टेकाम ने आज कांग्रेस कांग्रेस कार्यालय में बताया कि आगामी 31 जुलाई तक अधिकांश जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के नाम घोषित कर दिए जाएंगे।

इन्होंने कहा कि राहुल गांधी के सीधे निर्देश है कि जमीनी और सक्रिय लोगों को पार्टी में बढावा देना है और नए उर्जावान कार्यकर्ताओं को मौका प्रदान कर पार्टी को मजबूत करना है। पांढुर्ना जिले में जिला कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर कार्यकर्ताओं से बैकअप रिपोर्ट लेकर दिल्ली भेजने लिए वे यहां आए है। इन्होंने मप्र में छात्र संघ चुनाव 7-8 साल से नहीं किए जाने को लेकर आपत्ति दर्ज की। पत्रकारों ने जब अब्दुल खलीक से कहा कि छिंदवाडा जिले में हमेशा अध्यक्षों के नाम लिफाफे में लिखकर आ जाते है, यहां हमने चुनाव होते हुए कभी नहीं देखा। इसके अलावा पत्रकारों ने उन्हें बताया कि कांग्रेस के बाइलॉज में 3 कार्यकाल से अधिक कोई अध्यक्ष नहीं बन सकता ऐसा लिखा है। लेकिन इन कांग्रेस के बाइलॉज के विपरीत छिंदवाडा में लगातार 23 साल अध्यक्ष बनने वाले लोग मौजूद है। ऐसे में आपके लिए जिला अध्यक्ष का निष्पक्ष चुनाव चुनाव कराना कैसे संभव है ? इन सवालों के सीधे जवाब अब्दुल लतीफ के पास नहीं थे, उन्होंने कहा कि मप्र कांग्रेस के आंतरिक नीतियों के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। कुछ पत्रकारों ने उनसे कहा कि हमारी जानकारी के मुताबिक नए कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनाने के लिए फतवा जारी हो चुका है और क्षेत्रीय कांग्रेस अध्यक्षों को एक विशेष नाम आगे बढाने को कहा जा रहा है। इस बात पर भी अब्दुल खलीक जवाब नहीं दे पाए। इन्होंने सभी को आश्वास्त किया कि मै पांढुर्ना जिले के अधिकाधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेट करूंगा, सभी का अभिमत लूंगा, सभी से नाम मांगूंगा और यहां की समस्याएं पूछकर एक रिपोर्ट बनाकर भारतीय कांग्रेस कमेटी को पहुंचाउंगा।



### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का ग्राम बिछवी में आयोजन



**सौंसर।** ग्राम पंचायत रामाकोना के आश्रित एवं तर्कशील संस्था के गोद ग्राम बिछवी में शासकिय उमा विद्यालय रामाकोना की 24 एमपी बटालियन की एनसीसी यूनिट, तर्कशील विचार समिति सौंसर के संयुक्त तत्वावधान में स्वस्थ विभाग के सहयोग से शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर हुआ। कार्यक्रम में मेडिकल आफिसर डॉ प्रफुल्ल भोयर,डॉ अमोल भक्ते, डॉ अनुराग शेंडे,24 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाकोना से एनओ विश्वेश्वर रंगारे, तर्कशील विचार समिति सचिव पीकेएस गुर्वे,दिनकर पातुरकर के संचालन में संपन्न हुआस्वाथ शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों का स्वास्थ परिक्षण कर दवाई वितरित की गई। साथ ही बीपी, शुगर की जांच की गई। शिविर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाकोना से प्रभारी प्राचार्य रत्नाकर भकने, आराधना सोनी, शिला वहाने,चंद्रकांत नाचनकर, कल्पना गुर्वे , सुमित्रा ढोने, रजनी ढोने सुनिता तुमडाम, अक्षय ढोने,कृणाल पातुरकर जयश्री फरकसे,निखिल भागने, यश गुर्वे, महेन्द्र तिवारी,प्रथा कापसे, अंजलि बागडे, शिवानी काकडे सहित 30 एनसीसी कैडेट्स ने अथक प्रयास किया।

# वैश्य महासम्मेलन का उद्देश्य वैश्यजनों के हितों की रक्षा करना है: सुधीर अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

वैश्य महासम्मेलन की छिंदवाड़ा और पांढुरना जिले की संयुक्त कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल की मुख्य आतिथ्य, प्रदेश संगठन महामंत्री विजय झांझरी की अध्यक्षता और प्रदेश उपाध्यक्ष जे पी नेमा, प्रदेश मंत्री श्री रमेश जाखोटिया व संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज की विशिष्ट उपस्थिति में स्थानीय रानी की कोठी लॉन में संपन्न हुई जिसमें दोनों जिले में निवासरत वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश, संभाग, जिले और सभी तहसीलों के पदाधिकारी गण सम्मिलित हुए ।

बैठक में वैश्य घटक समाजों के अध्यक्ष विशेष रूप से आमंत्रित किए गए थे जिनमें अग्रवाल समाज अध्यक्ष श्री राजकुमार अग्रवाल गुल्लू, जैन तारण तारण समाज के अध्यक्ष श्री सुभाष जैन, नेमा समाज के अध्यक्ष श्री गोविंद प्रसाद नेमा, सेतवाल जैन समाज के अध्यक्ष कमलाकर जैन, दिगम्बर गोलापूरब समाज के अध्यक्ष अभय कुमार जैन, गुप्ता समाज के नगर अध्यक्ष मनीष गुप्ता के साथ साथ सौसर की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति सुरेखा डागा उपस्थित हुई । कार्यक्रम का शुभारंभ कुलदेवी माता महालक्ष्मी के पूजन अर्चन से हुई, जिसके पश्चात महिला इकाई वैश्य गान की लयबद्ध मधुर प्रस्तुति दी । अपने संबोधन में श्री सुधीर अग्रवाल ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन का उद्देश्य वैश्यजनों के हितों का संरक्षण और संवर्धन करना और उनमें सुरक्षा का भाव पैदा करना कि संकट की घड़ी में पूरा संगठन उनके साथ खड़ा है ।

उन्होंने छिंदवाड़ा जिले के संगठन को एक आदर्श के रूप में निरूपित करते हुए कहा कि यह जिला पूरे प्रदेश में विशिष्ट स्थान रखता है । श्री विजय झांझरी ने करतल ध्वनि के बीच सुखद जानकारी प्रदान की कि छिंदवाड़ा में प्रस्तावित वैश्य भवन की भूमि की खरीदी का कार्य शीघ्र ही पूरा हो जाएगा ।



## विश्व रक्तदान दिवस पर किया रक्त दान



**जुन्नारदेव।** विश्व रक्तदान दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नार देव में रक्त दान शिविर का आयोजन किया । बी ई ई एस. पी. डढोरे ने बताया कि बी एम ओ सोनम यादव सहित 14 लोगों ने रक्त दान किया। रक्त दान करने वाले रक्तदाता बी सी एम रूपराम इवनाती, अमित पावर,राकेश शंकर,मुकेश साहू, लोकेश माहोरे, आशिक खान, मुकेश भूमरकर, आशीष शुक्ला, संजय कुमार, विनोद राजवंशी, भागवत जावले,सविता बरखाने,अर्चना भंमरकर,। विश्व रक्त दान दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी अधिकारी , कर्मचारियो ने शपथ ली कि रक्तदान के लिए स्वयं भी रक्तदान कर अन्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करेंगे ।रक्तदान टीम छिंदवाड़ा द्वारा रक्तदान लेने की प्रक्रिया संपन्न की।

# ग्राम तांडसी में पानी के लिए मचा हाहाकार

### ग्रामीणजन हो रहे परेशानी, निस्तार के लिए नहीं मिल रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

विधानसभा जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत खामखेड़ा रैय्यत के ग्राम तांडसी में पेयजल संकट ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना और जल जीवन मिशन के तहत किए गए बड़े-बड़े दावों के बावजूद इस गांव में पानी की एक-एक बूंद के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। भाजपा के विकास के दावे यहां धरातल पर खोखले साबित हो रहे हैं, जहां ग्रामीण नदी और नालों के दूषित पानी पर निर्भर होने को मजबूर हैं। जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का वादा किया गया था, लेकिन तांडसी गांव में यह योजना सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आती है। ग्रामीणों का कहना है कि नल तो लगे, पर उनमें पानी की एक बूंद तक नहीं आती। ग्रामीणों को मजबूरी में अस्वच्छ जल स्त्रोतों से पानी लाना पड़ता है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। जिम्मेदारों की लापरवाही ग्राम तांडसी में पेयजल संकट की सबसे बड़ी वजह जिम्मेदार अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत और जल विभाग के अधिकारी उनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रहे। जल जीवन मिशन के तहत मिलने वाली निधि का उपयोग कहां हो रहा है, यह एक बड़ा सवाल है। ग्रामीणों का कहना है कि ₹जब हम शिकायत लेकर जाते हैं, तो हमें टरकाया जाता है। कोई सुनवाई नहीं होती। गांव की महिलाएं और बच्चे सुबह-शाम दूर-दराज के नदी-नालों से पानी लाने को मजबूर हैं। एक ग्रामीण महिला, सुधा भलावी ने बताया, ₹हमारे बच्चे स्कूल जाने के बजाय पानी ढोने में समय बिताते हैं। क्या यही है विकास?₹ वहीं, गांव के बुजुर्ग चिरनलाल कुड़ापे ने कहा, ₹भाजपा के नेता बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन हमारे गांव में पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंची।₹ विकास के दावों की पोलभाजपा सरकार के विकास के दावों की हकीकत इस दुर्गम क्षेत्र में साफ नजर आती है। जल जीवन मिशन, जो ग्रामीण भारत को स्वच्छ पेयजल देने का सपना दिखाता है, तांडसी जैसे गांवों में संकट मिशन बनकर रह गया है। ग्रामीणों की यह दुर्गति न केवल योजनाओं के खराब क्रियान्वयन को दर्शाती है, बल्कि जिम्मेदारों की जवाबदेही की कमी को भी उजागर करती है।

# बुजुर्गों का किया गया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल के संकल्प से लेकर सिद्धि तक के विषय को लेकर स्वागत लॉन इकलेहरा में बैठक का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के प्रभारी मुख्य वक्ता के रूप में कुबेर सूर्यवंशी , कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्रामीण मंडल पगारा के अध्यक्ष मनीष सोनू यादव ने शक्ति केंद्र में होने वाले ग्राम चौपालो में प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजना को जन - जन तक पहुंचाने की बात कही एवं कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं बुद्धिजीवियों का गमछा पहनाकर सम्मान किया । जिसमें मुख्य रूप से उत्तर मुखी हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी आजेश्वर दास , WCL स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्ति अशोक डेहरिया , शिक्षा विभाग से लक्ष्मी प्रसाद डेहरिया , डॉ बी आर गुप्ता को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के दौरान अहमदाबाद में हुई प्लेन दुर्घटना में जान गंवाने वाले यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया । कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि इकलेहरा सरपंच साधना दास , भमोडी सरपंच विपिन श्रीवास्तव , जनपद सदस्य विजय साहू , मंडल महामंत्री परशुराम यदुवंशी मौजूद रहे।

# शाम को हुई जोरदार बारिश से लोगों को मिली उमस से राहत

### सड़कें और नालियां हुई लबालब किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर में शनिवार की शाम हुई जोरदार बारिश से लोगों को उमस से राहत दिलाई। शाम को हुई बारिश से सड़कें और नालियां लबालब हो गई। वहीं किसान जो बुआई की तैयारी में लगे हुए हैं उन्होंने भी राहत की सांस ली। आज हुई बारिश से दिन भर से उमस और गर्मी से परेशान हो रहे लोगों को थोड़ी राहत मिली।बता दे कि आगामी में कुछ दिनों में मानसून की संभावना बन रही है। आज शाम को हुई बारिश ने मानसून की आहट साफ नजर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों द्वारा खेती के लिए खेत तैयार किए जा रहे है ये बारिश किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर ला दी है। कुछ किसानों ने बोवनी कर दी है। यह बारिश बोवनी किए हुए खेतों के लिए लाभदायक होगी।



#### निचले क्षेत्रों में भरा पानी

शाम को हुई बारिश से शहर के कुछ निचले क्षेत्रों में पानी भर गया जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं नालियां भी भर गई जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। कुछ इलाकों में घर में भी पानी भर गया। उन्हें भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

#### तेज आंधी और तूफान ने मचाई तबाही

शनिवार शाम को हुई जोरदार बारिश से कई जगहों पर पेड़ गिरने की भी खबर सामने आई है। वहीं तेज आंधी और तूफान के कारण लोग जहां थे वहीं रह गए। शाम को थोड़ी देर के लिए लोगों को बाहर निकलने में दिक्कतें आई। ग्रामीण क्षेत्रों में आंधी और तूफान ने तबाही भी मचाई। इसके अलावा बिजली की गड़गड़ाहट से लोगों को शाम को बाहर निकलने नहीं दिया। कई क्षेत्रासें में बिजली भी रही गुल इससे लोग काफी परेशान नजर आए। कई लोगों के काम प्रभावित हुए।

### प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले देखने पहुंचे दर्शक

# अमरावती को मिला वाक ओवर, व्हालीबॉल फाइनल की बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

पश्चिमी न्यूटन नंबर 4 में आयोजित सांसद कप व्हालीबॉल टूर्नामेंट का शनिवार को समापन हुआ ।जिसमें अमरावती की टीम को वाक ओवर मिलने से टीम फाइनल की विजेता बनी । वहीं सेमीफाइनल विजेता बैतूल की टीम फाइनल खेले बगैर ही चली गई ।न्यूटन में जिलास्तरीय सांसद कप व्हालीबॉल टूनामेंट में 13 जून 2023 को दो सेमीफाइनल मैच हुए । जिसमें पहला मैच अमरावती ओर छिंदवाड़ा पीजी कॉलेज के बीच हुआ । जिसमें अमरावती की टीम विजय होकर फाईनल में पहुची । दूसरे सेमीफाइनल में बैतूल ओर सिवनी की टीम के बीच मैच हुआ । जिसमें बैतूल की टीम फाईनल में पहुंची । रात में अचानक मौसम खराब हुआ , बारिश होने से अमरावती और बैतूल के बीच फाईनल मुकाबला नहीं हो सका । जिसके कारण आयोजन समिति ने निर्णय लिया और दिनांक 14 जून 2025 को टॉस किया गया । जिसमें अमरावती टीम विजेता घोषित की गई ।बैतूल की टीम उपविजेता रही । अमरावती की टीम को मुख्य अतिथि अरुण कपूर और ज्योति डेहरिया विधानसभा प्रभारी , बल्लू नागी मंडल अध्यक्ष , रामप्रसाद कुमरे मंडल अध्यक्ष उमरेठ , अशोक़ गौहर द्वारा अमरावती टीम के खिलाड़ी बाबा खान कप्तान , मुफीज खान , रिजवान खान , हिसार खान , नुमान खान , अर्जुन , रेहान को 11000 रुपये की नगद राशि और ट्रॉफी पुरुस्कार स्वरूप दी गई । मैच रेफरी यूनुस खान , दिलीप वर्मा , संजय बामने रहे ।इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक जय दुर्गे व्हालीबॉल क्लब अध्यक्ष चंद्रमोहन श्रीवास , कार्यवाहक अध्यक्ष श्रीचंद यदुवंशी , उपाध्यक्ष दीपक बाथरी , राहुल सराठी सचिव , बिल्फ्रेड जघरिया , सोनू त्रिवेदी , हेमंत अग्रवाल , दिनेश ठाकुर, सुधीर जैन , उमर खान , मोहित अग्रवाल , अंशुल अग्रवाल , रूपेश इरपाची , मयंक शुक्रा , शानू खान , ताहिर खान , सक्षम वंशी , दिव्यांश ठाकुर उपस्थित रहे ।



#### व्यवस्था पर जताई नाराजगी

सूत्रों से पता चला कि , सेमीफाइनल मुकाबले के बाद अमरावती और बैतूल की टीमों को रूकने के लिए जहां व्यवस्था बनाई गई थी , वहां पर्याप्त सुविधाएं नहीं होने पर दोनों ही टीमों ने खासी नाराजगी जताई । इसी नाराजगी के चलते बैतूल की टीम बगैर फाइनल खेले ही चली गई । वहीं अमरावती की टीम ने किसी तरह रात गुजारी और सुबह आयोजकों से व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की ।

## मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य-योगेश साहू

# भाजपा की मंडल स्तरीय कार्यशाला में जुटे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव




नगर के मंगल भवन हॉल में शनिवार को भाजपा नगर मंडल द्वारा मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस विशेष कार्यक्रम की शुरुआत वंदेमातरम् और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी योगेश साहू ने कहा कि बीते एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन देखे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की दूरदर्शी नीतियों के चलते आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और वैश्विक मंच पर भारत की एक नई पहचान बनी है। नगरपालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने यह भी बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण के मंत्र के साथ पिछले 11 वर्षों की विकास गाथा को आम जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी संकल्प से सिद्धि' अभियान चलाया जाएगा। सम्मेलन को भाजपा नेता विष्णु शर्मा,सोनिया कुमरे अपील समिति सदस्य पार्षद,संजय जैन,राजेश श्रीवास्तव और नपा अध्यक्ष रमेश सालोडे ने भी सम्बोधित किया।

विवेक चंद्रवंशीकार्यशाला में मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। आज देश आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कड़े कदम उठा रहा है, जिसका हालिया उदाहरण 'ऑपरेशन सिंदूर'है।" कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने सभी कार्यकर्ताओं से अभियान में पूरे समर्पण के साथ लगने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता ही पार्टी की शक्ति है, और इसी शक्ति से"संकल्प से सिद्धि"का सपना साकार होगा।

### मंडल सम्मेलन में प्रमुख नेताओं की उपस्थिति

कार्यशाला में कई वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विधानसभा प्रभारी योगेश साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवकुमार राय,नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि अमरदीप राय, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, नगर पालिका उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, माधुरी बत्रा, विष्णु शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, शंकर सेन, मोनू जैन,शिवराम पवार, मंडल महामंत्री अनिरुद्ध बूटा चटर्जी, सपना पाल,भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष बंटी मनीष साहू, नितेश राजपूत, भूषण अरोड़ा, अंकित सोनी, अक्कू यादव, पार्षद गण-सभापति राजेंद्र सूर्यवंशी, प्रमोद बंदेवार, अमित यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक पारे, महिला मोर्चा अध्यक्ष भुनेश्वरी भन्नारे,गोपी ठाकुर, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री अमन सोनी, युवा नेता जितेंद्र सूर्यवंशी, अभिषेक चौरसिया,रोहित मालवीय, विजय सूर्यवंशी, राहुल निरापुरे, कपिल यादव, राहुल मुंगेर, गुड्डू रजक, विपिन बिंदवारी,सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आज मनाया जाएगा 6 माही उर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

आज रविवार को सिंगोड़ी में हजरत अल्हाज सैय्यद बाबा फरीदुद्दीन शाह मिस्किनी रह,अलैह के चौहथा छः माही उर्स के मौके पर यादगारे बाबा फरीद मनाया जायेगा। इस अवसर पर अल्हाज सैय्यद बाबा फरीदुद्दीन शाह मिस्किनी रह,अलैह के अनुयाइयों के विशेष अनुरोध पर बाबा फरीद रह, अलैह, के बड़े साहबजादे अलहाज सैयद फखरुद्दीन शाह मिस्किनी इस उर्स कार्यक्रम में सामिल होंगे। उक्त आयोजन खकरा चौरई रोड स्थित खानकाह में रविवार को होगा जिसमे विशेष दुआ फातिहा सलातो सलाम परचम कुसाई तथा बाबा ताजुद्दीन नागपुरी सहित अन्य सुफीसंतो के द्वारा मानव सेवा मानव कल्याण को लेकर दिए गए उपदेशों का बखान किया जाएगा। वही रात्रि में सिलसिलाए मिस्किनीया के द्वारा आम लंगर वितरित किया जाएगा। जामा मस्जिद सदर इलमन मिस्कीनी ने बताया कि 22 जनवरी 2022 को बाबा फरीद मिस्किनी का स्वर्गवास हुआ था जिनके जिले सहित देश भर में लाखो अनुयाई है, जिनकी दरगाह उत्तर प्रदेश स्थित सिकंदराबाद में है और इनके अनुयाईयो के द्वारा छः माही एवं वार्षिक उर्स जगह जगह मनाया जाता है।

## खमारपानी में वीर शहीद कबीरदास उईके स्वागत द्वार का हुआ लोकार्पण



**बिछुआ।** जनपद पंचायत बिछुआ के अंतर्गत ग्राम पंचायत खमारपानी में वीर शहीद कबीरदास उईके की स्मृति एवं प्रथम पुण्यतिथि पर लगभग 6.92लाख रूपये की लागत राशि से स्वागत द्वार का लोकार्पण किया गया,ज्ञात हो की वीर शहीद कबीरदास उईके पिछले साल 12 जून 2024 को आतंकवादी हमले में शहीद हुए थे,इसके उपरांत उनके निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की,एवं क्षेत्र के लोगों के द्वारा विशाल वाहन रैली निकाली गई जिसमें भारत माता की जय एवं कबीरदास उईके अमर रहे के नारे लगाए गए,उक्त कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी,पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,एवं विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा ने अपने संबोधन के माध्यम से वीर शहीद कबीरदास उईके को याद कर नमन किया,इस दौरान मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा,पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,मंडल अध्यक्ष खमारपानी गोपाल कवरेती,सरपंच श्रीमती अर्चना परतेती,सुरेश परतेती,वरिष्ठ नेता दशरथ साहू,राजकुमार बादशाह,गंगाधर बीजेवार,रजत वानखेड़े,लक्ष्मण साहू,राजू साहू,दीपक केवते,सुरेंद्र चौधरी,भोजेलाल वर्मा,प्रह्लाद साहू,भूरा चोपड़े,हिम्मतराम सोनी,राधेश्याम केवते,कोमल साहू,अर्जुन साहू,विवेक गोदेवार,प्रकाश उईके,जयंत साहू,सरपंच घाटकामटा अरुण सराठे,शुभम टेकाम,समेत मातृशक्ति ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## हुई जनशिक्षा केंद्र स्तरीय समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

जनशिक्षा केंद्र सिंगोड़ी एवं लछुआ अंतर्गत समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों की समीक्षा बैठक बालक माध्यमिक शाला सिंगोड़ी में अमरवाड़ा बी आर सी सी विनोद वर्मा द्वारा की गई । इस दौरान स्कूलों में नामांकन बढ़ाने एवं नामांकन में अंतर को कम करने पर शाला वार चर्चा की गई। साथ ही नवीन सत्र में प्रवेश उत्सव द्वितीय चरण बड़े ही धूम धाम से मनाकर छात्रों को नियमित शाला लाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अमरवाड़ा BRCC श्री वर्मा ने शिक्षको को समस्त ऑनलाइन कार्यों जैसे मैपिंग, udise पोर्टल, पाठ्यपुस्तक वितरण आदि को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान दोनों जन शिक्षा केंद्र सिंगोड़ी के जनशिक्षक ने समस्त शिक्षकों को शासन के निर्देशों का अक्षरतः पालन करने हेतु प्रेरित किया। बैठक में दोनों जनशिक्षा केंद्र के जनशिक्षक एवं शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थी। बैठक के विशेष बिन्दुओं पर दिशा निर्देशों पर मार्गदर्शन किया गया ।

## पूर्व विधायक पं रमेश दुबे के लगातार प्रयासों से मिली सड़क निर्माण की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

विधानसभा क्षेत्र चौरई एवं अमरवाड़ा अंतर्गत सिंगोड़ी से हिवरखेड़ी मानेगांव पिपरिया गुमानी अकलमा कुर्सीपार होते हुए खिरेटी तक नवीन सड़क निर्माण कराए जाने हेतु ग्रामीणों द्वारा पूर्व विधायक पं रमेश दुबे से आग्रह किया गया था जिसके बाद श्री दुबे ने केंद्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रदेश के लोकनिर्माण व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह को पत्र लिखकर उपरोक्त सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का निवेदन किया गया था श्री दुबे द्वारा सांसद विवेक बंटी साहू को भी ग्रामीणों की मांग से अवगत कराया गया था पूर्व विधायक दुबे अपने भोपाल प्रवास के दौरान लगातार सड़क निर्माण की स्वीकृति हेतु प्रयासरत थे लगातार मेहनत का परिणाम है कि लोकनिर्माण विभाग द्वारा स्वीकृति पत्र क्रमांक एफ 43/12/19/1825 दिनांक 11/06/2025 के माध्यम से प्रदेश में बनने दो दर्जन सड़कों के साथ ही सिंगोड़ी से हिवरखेड़ी मानेगांव पिपरिया गुमानी अकलमा कुर्सीपार होते हुए खिरेटी तक सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है जिसकी लागत करीब 78 करोड़ 75 लाख रु है । पूर्व विधायक दुबे ने इस स्वीकृति के लिए केंद्रीय सड़क मंत्री जिले के प्रभारी मंत्री के साथ ही जिले के सांसद के प्रति आभार जताया है इधर सड़क निर्माण कार्य स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में खुशी का माहौल है सभी के द्वारा पूर्व विधायक पं रमेश दुबे जी के लगातार प्रयासों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया गया है ।

## प्राचार्य की मनमानी के खिलाफ निविदा भरने वाले ठेकेदारों ने सीएम हेल्पलाईन में की शिकायत

### निविदा खुलने के पूर्व ही ठेकेदार ने प्रारंभ किया मरम्मत कार्य

**हरिभूमि न्यूज़ वारासिवनी।** विद्यालय की स्थायी संपत्ति के मरम्मत कार्य के लिए निकाली गई निविदा के खुलने के पूर्व ही ठेकेदार को कार्यादेश देना और मरम्मत कार्य प्रारंभ कर देने का एक मामला सामने आया हैं। जिसके संबंध में जानकारी लेने वाले मीडियाकर्मियों से विद्यालय प्राचार्य का व्यवहार भी चर्चा में हैं।

### 9 जून को निकाली निविदा, आवेदन की 12 जून अंतिम तिथि

मामला खैरलांजी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अमई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है। इस विद्यालय में स्थायी संपत्ति के मरम्मत का कार्य 1 लाख 75 हजार की लागत से किया जाना हैं, जिसके लिए प्राचार्य योगराज साकरे द्वारा बाकायदा 9 जून 2025 को निविदा निकाली।

जिसमें पंजीकृत ठेकेदारों को आवेदन करने हेतु 12 जून 2025 अंतिम तारीख निर्धारित की गई थी।



### मीडियाकर्मियों को 12 जून को मिला मरम्मत कार्य प्रारंभ

इस कार्य के लिए कुछ ठेकेदारों द्वारा बाकायदा निविदा भी भरी गई। लेकिन निविदा जमा होने और खुलने के पहले ही प्राचार्य योगराज साकरे द्वारा एक ठेकेदार से मरम्मत कार्य प्रारंभ करवा लिया गया। इस बात की जानकारी मिलने पर जब मीडियाकर्मी 12 जून को दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे ग्राम अमई के विद्यालय में पहुँचे, तो वहॉ पर विद्यालय भवन के मरम्मत का कार्य प्रारंभ था। वहॉ एक नाबालिग बच्चा कार्य करते हुए पाया गया।

### जो छापना हैं, छाप लो, डीईओ का लो बयान-योगराज साकरे प्राचार्य

इस संबंध में जब मीडियाकर्मियों ने प्राचार्य योगराज साकरे के मोबाईल पर कॉल कर उनसे जानकारी चाही, तो उन्होंने एकदम रुखे अंदाज में जवाब देते हुए कहा कि आपको जो करना हैं, कर ले, जो छापना हैं, छाप ले। मैं आपको कोई बयान नहीं दूँगा, जो बयान लेना हैं डीईओ बालाघाट से लो। वहीं उन्होंने मीडियाकर्मियों को उनके कार्य में हस्तक्षेप नहीं करने की चेतावनी भी दे दी।

### 13 जून की शाम 4 बजे खुलने वाली निविदा को 2 बजे ही खोल लिया

वहीं निविदा जमा करने की अंतिम तारीख 12 जून समाप्त होने के बाद प्राचार्य योगराज साकरे द्वारा आवेदन करने वाले ठेकेदारों को शुक्रवार 13 जून की शाम चार बजे निविदा खुलने की जानकारी दी गई। लेकिन जब ठेकेदार निविदा खुलने के समय शाम 4 बजे स्कूल कार्यालय पहुँचे, तो प्राचार्य साकरे द्वारा निविदा 2 बजे ही खुल जाने और कार्य की स्वीकृति ठेकेदार को दिए जाने की बात कही गई। जिसके बाद आवेदन करने वाले ठेकेदारों द्वारा जब निविदा प्रक्रिया नियम से नहीं किए जाने का विरोध किया गया, तो प्राचार्य द्वारा उनसे अभद्रता से बात की गई। जिससे ठेकेदारों में रोष व्याप्त हो गया हैं।

### ठेकेदारों ने की सीएम हेल्पलाईन 181 में शिकायत

जानकारी अनुसार इस संबंध में निविदा जमा करने वाले ठेकेदारों द्वारा सी एम हेल्पलाईन 181 में शिकायत की गई हैं और निविदा प्रक्रिया को निरस्त कर निष्पक्ष रुप से निविदा प्रक्रिया सम्पन्न करवाने तथा गलत तरीके से निविदा खोलने और अपने ही व्यक्ति को कार्य देने वाले प्राचार्य योगराज साकरे पर जॉच उपरांत विधि सम्मत कार्यवाही करने की मॉग की हैं।

## हटाया गया नगर के बस स्टैंड का अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

कल बिछिया नगर परिषद और बिछिया प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बस स्टेड में फैले अतिक्रमणों को अलग करने नाली के ऊपर निर्माण कार्य कर दुकानों के सामने फालतू वाहन, फैलाकर दुकान लगाना जिससे यात्री वाहनों को आने जाने में रोज कई बार जाम लगता था, वही वट वृक्ष के आश पास फल फूल की मनिहारी दुकानदारों द्वारा फैला फैलाकर टेबिल लगा कर दुकानें लगाई जा रही थीं, जिस पर अनेकों बार बस एसोसियन ने शिकायत की आंदोलन भी किया मगर कुछ नहीं हुआ बसों का संचालन हाइवे मुख्य मार्ग से संचालित किया गया मगर समझौता वाली राजनीति के कारण कुछ नहीं हुआ एसडीएम बिछिया ने पूर्व से सभी को नोटिस जारी कर बिछिया तहसीलदार पुलिस प्रशासन और नगर परिषद के कर्मचारियों की सहयोग से बस स्टैंड की अतिक्रमण को हटाने में कामयाबी मिली आज सुबह तहसीलदार को फल फूल वाले दुकानदारों ने गाली गलौज किया अप शब्द बोले इसके बाद दिनभर पुलिस प्रशासन महिला पुलिस और नगर परिषद की कर्मचारीयो ने बस स्टैंड में टीनसेट सहित बट वृक्ष के आसपास की सभी दुकानों को हटा दिया शाम को एसडीएम के आदेश पर तहसीलदार और पुलिस प्रशासन ने मिलकर सभी दुकानों को बट वृक्ष के नीचे से अलग करवा दिया टीन सेट भी जो नाली के बाहर आ रही थी उन्हें हटवा दिए इस तरह हुई कार्यवाही से जहां बस स्टेशन ट्रैफिक जाम होने में परेशानी दूर होगी वहीं उन दुकानदारों जो मनिहारी दुकान रोज कमाना रोज खाना ठेला ठेलिया से संचालित करते थे अपनी रोजी-रोटी कमाते थे उन दुकानदारों के लिए दूसरा रास्ता नगर परिषद को सोचना चाहिए और ऐसा कोई स्थान या जगह देनी चाहिए जिससे उन दुकानों को संचालन किया जा सके और उनकी दुकान भी चलती रहे आए दिन बस स्टैंड से लेकर थाने तक दूसरे तरफ हाईवे पर रोड ट्रैफिक बंद होता था बंद ट्रैफिक के कारण आवागमन बाधित होता था जिससे आम पब्लिक को राह गीरों को बहुत परेशानियां होती थी प्रशासन को चाहिए की समय रहते बस स्टैंड की व्यवस्था को व्यवस्थित करें और भविष्य में इस तरह के अतिक्रमण न हो इसका भी ध्यान रखें हटाई गई दुकानदारों को उनकी व्यवस्था अनुसार दुकान के लिए जगह मुहैया कराई जाए जिससे उनका रोजगार चलता रहे। बस स्टेड के अतिक्रमण हटने के बाद देर शाम तक तयसीलदार बिछिया नगर परिषद के कर्मचारियों ने बट वृक्ष के आश पास फेनसिंग करवा दी जिससे दोबारा अतिक्रमण की कोई गुंजाइश ना रहे अतिक्रमण हटाने को लेकर तहसीलदार बिछिया नगर प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए कार्य किया।

## सीसी नाली निर्माण में बरती जा रही अनियमितता, मूकदर्शक बना प्रशासन

### ग्राम पंचायत फोफसा के वार्ड क्रमांक 2 में 125 मीटर सीसी नाली का निर्माण का मामला

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत फोफसा में सीसी नाली निर्माण में जमकर अनियमितता की जा रही हैं, और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और मानक का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे नाली की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और बारशि के समय पानी निकासी में समस्या उत्पन्न होगी। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि नाली निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जैसे कि मानक से कम ऊंचाई और स्तरहीन सरिया और सीमेंट का उपयोग। इतनी गंभीर अनियमितता के बावजूद, प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। क्षेत्रीय लोगों का यह भी आरोप है कि निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार हो रहा है, और लाखों रुपये पानी की तरह बहाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### वार्ड क्रमांक 2 में किया जा रहा है नाली निर्माण....

जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत फोफसा के ग्रामीणों द्वारा विगत कई वर्षों रोड से बहने वाले पानी को लेकर नाली निर्माण की मांग की जा रही थी। जिसे देखते हुए लगभग 2.5 लाख की लागत से सीसी नाली का निर्माण कराया जा रहा था। परंतु उक्त नाली निर्माण में भी कमीशन के चक्कर में सरपंच-सचिव द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में जनपद में बैठे अधिकारियों और कर्मचारियों को भी पूरी जानकारी है परंतु कमीशन के चक्कर में उनके द्वारा भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिससे जनपद क्षेत्र की अधिकतर ग्राम पंचायतों में स्तरहीन कार्य कराये जा रहे है और शासन के लाखों करोड़ों को रूपये का भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

### सरकारी धन का हो रहा दुरूपयोग....

ग्रामीणों का कहना है कि नाली का डिजाइन गलत होने के कारण एक नई समस्या उत्पन्न हो गई है। यदि नाली में पानी आया तो वह घरों में घुस सकता है, जिससे और अधिक नुकसान की आशंका है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह निर्माण कार्य जल निकासी के उद्देश्य से नहीं, बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग के लिए किया जा रहा है। उनका कहना है कि वर्षों से गांव में विकास कार्य केवल कागजों पर हो रहे हैं, जबकि वास्तविकता में कोई सुधार नहीं हो रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले की गहन जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### इनका कहना है.....

ग्राम फोफसा में नाली निर्माण में अनियमितता की शिकायत मुझे पूर्व में मिल चुकी है, जनपद से अधिकारियों की टीम भेजकर जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**रामगोपाल यादव, सीईओ**
**जनपद पंचायत लांजी**

## सोसायटियों में नही है यूरिया डीएपी किसान परेशान

**मण्डला।** जिले की बहुत से ऐसी सोसायटियां है। जहां यूरिया खाद व डीएपी नही है। जो खाद उपलब्ध कराई गई थी वह बांटी जा चुकी है। पुनः खाद के लिए किसान सोसायटी के चक्कर काट रहे है।वर्तमान समय मे मुख्यालय के पास केहरपुर, मुनू, मण्डला, मलरा, ह्रदयनगर, घुघरी आदि सोसायटियों में यूरिया खाद व डीएपी नही है। जबकि खेरी गोदाम में अत्यधिक मात्रा में खाद उपलब्ध है। बताया गया कि खेरी गोदाम से केवल आधार कार्ड दिखा कर किसानों के अलावा वे लोग भी खाद लेकर जा रहे है जिनके पास खेती किसानी की भूमि नही है। ऐसे लोगो अपने क्षेत्र में खाद ब्लेक कर रहे है। ऐसी स्थिति में उन किसानों को भारी मुसीबत हो रही जो मण्डला से दूर ग्रामीण क्षेत्र के है क्योंकि खेरी गोदाम में उन्हें पूरे पूरे दिन खाद लेने के लिए बैठना पड़ता है।किसानों को खेरी गोदाम से अपने ग्रह ग्राम तक यूरिया खाद लेकर जाने में अतिरिक्त किराया का भार सहना पड़ रहा है। किसानों का समय भी खराब हो रहा है। जबकि शासन द्वारा हर 15 किलोमीटर की दूरी में सोसायटियां बनाई गई है प्रसासन को ध्यान देते हुए सभी 15 किलोमीटर की दूरी में स्थित समितियों सोसायटियों में यूरिया व डीएपी खाद उपलब्ध कराना चाहिए।

# अच्छी खबरः अब पेंचव्हेली फास्ट पैसेंजर नैनपुर से चलेगी सिवनीवासियों को मिलेगा फायदा

## सिवनी-नैनपुर के यात्रियों को बड़ी सौगात, बैतूल-छिंदवाड़ा पैसेंजर का सिवनी तक विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

रेल मंत्रालय के द्वारा पेंचव्हेली एक्सप्रेस ट्रेन जो छिंदबाडा इंदौर के मध्य चलती थी उसे रेल मंत्रालय ने नैनपुर से चलाने का निर्णय लेकर रेल आवागमन के लिये बंछित सिवनी मंडला जिला को मुख्य धारा से जोडने का काम किया है। सिवनी केवलारी क्षेत्र की हमेशा समाचार पत्रो,ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से हमेशा यह मांग उठती थी कि छिंदबाडा तक चलने बाली पेंचव्हेली फास्ट पैसेंजर, छिंदबाडा गोरिल्ला सराय पातालकोट एक्सप्रेस को नैनपुर से संचालित किया जाये, रेल मंत्रालय ने उचित ओर उपयोगी मांग मे पेंचव्हेली फास्ट पैसेंजर को नैनपुर से संचालित किये जाने की स्वीकृति दे दी।

संजय आर नीलम निदेशक कोचिंग रेलवे बोर्ड भारत सरकार द्वारा जारी किए एक्सटेंशन आदेश दिनांक 12 जून 2025 के अनुसार 19343 — 19344 पेंचव्हेली फास्ट पैसेंजर को नैनपुर से संचालित किया जाएगा। इंदौर से दोपहर 13:05 में निकलने वाली पेंचव्हेली फास्ट पैसेंजर ट्रेन भोपाल इटारसी बैतूल आमला छिंदवाड़ा होते सुबह 5:00 बजे सिवनी एवं 6:30 बजे नैनपुर पहुंचेगी। इसी तरह नैनपुर से शाम 7:00 बजे चलकर सिवनी 20:18 छिंदवाड़ा ,अमला 2:10 बैतूल 2:40 भोपाल होकर इंदौर दूसरे दिवस 12:45 बजे पहुंचेगी।

### सिवनी बैतूल पेंसेंजर का भी टाईमिंग घोषित

**संजय आर नीलम निदेशक कोचिंग रेलवे बोर्ड भारत सरकार द्वारा जारी किए एक्सटेंशन आदेश दिनांक 12 जून 2025 के अनुसार 59396— 59395 सिवनी बैतूल पैसेंजर सिवनी से सुबह 5:30 चलकर छिंदवाड़ा 7:10, अमला 11:30 बैतूल दोपहर 12:35 में पहुंचेगी इसी तरह बैतूल से 16:00 बजे चलकर अमला 16:32वजे छिंदवाड़ा 20:30 सिवनी रात 10:30 वजे पहूंचेगी।**




### नैनपुर रेल्वे स्टेशन का विकास, पातालकोट एक्सप्रेस का फेरा नैनपुर तक एवं रीवा इतवारी एक्सप्रेस का स्टॉपेज केवलारी मे हो-!

दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे का रेल्वे स्टेशन नैनपुर चारो दिशाओ सिवनी, छिंदवाडा, नागपुर, जबलपुर, बालाघाट, गोंदिया, मंडला को जोडने बाला प्रमुख केंद्र बिंदु है। सेंट्रर पांइट होने के कारण ही अंग्रेजी हकुमत ने नेरोगेज का सबसे बड़ा जंक्शन बनाया हुआ था।वर्तमान समय मे नैनपुर मे रेल्वे प्लेट फार्मो की कमी है।रेल वाशिंग यार्ड सहित कैरिज यार्ड की महती आवश्यकता है। इस मार्ग से चलने बाली रीवा इतवारी एक्सप्रेस 11755 एवं 11756 का स्टॉपेज केवलारी मे हो एवं आरक्षण खिड़की केवलारी मे शुरू करने की जनमांग दो बर्ष से लंबित है।पेंचव्हेली फास्ट पैसेंजर की तरह ही पातालकोट एक्सप्रेस को नैनपुर तक किये जाने की अति आवश्यकता है।पेंचव्हेली फास्ट पैसेंजर को नैनपुर तक बढाये जाने के लिए अश्विनी बैष्णव रेल मंत्री भारत सरकार, जीएम दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर, डीआरएम एसईसीआर नागपुर,श्रीमति भारती पारधी सासंद, डा ढ़ालसिंह विसेन पूर्व सासंद,फग्गन सिंह कुलस्ते मंडला सासंद का ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति के अध्यक्ष रमाशंकर महोबिया, सुधीर पांडेय, रफीक खान ,राकेश आत्मपुज्य, मनीष जैन, पवन यादव, संजय पांडेय, संस्कार तिवारी, आनंद कौशल, पीतम पाल, राजू मेहरा, धरमचंद जैन, पवन बघेल ,सुजीत राय,विकराल बघेल ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति के पदाधिकारियों व पत्रकारो ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## इधरः पातालकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस में गंदगी और बदहाल व्यवस्था से यात्री परेशान

किराया बढ़ा लेकिन सुविधाएं जस की तस, फटी सीटें, टूटी खिड़कियां, बदबूदार शौचालय



पातालकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस डिब्बे की गंदगी

पातालकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस के नाम पर यात्रियों को धोखा मिल रहा है। ट्रेन को सुपरफास्ट का दर्जा देने के साथ किराया तो बढ़ा दिया गया, लेकिन सफाई और मूलभूत सुविधाओं के हाल पहले से भी बदतर हो गए हैं। ट्रेन के स्लीपर और जनरल कोच में इतनी गंदगी है कि बैठना भी मुश्किल हो गया है। कई सीटें फटी पड़ी हैं, तो कई खिड़कियां टूटी हुई हैं। यात्री चूहे और खटमल से भी परेशान हैं। मार्च 2025 में इस ट्रेन को सुपरफास्ट का दर्जा दिया गया और जनरल कोच का किराया 15 रुपए, स्लीपर का 30 रुपए और एसी का 45 से 50 रुपए तक बढ़ा दिया गया, लेकिन साफ-सफाई और सुविधाओं के नाम पर यात्रियों को कुछ नहीं मिला। स्लीपर कोचों में गंदगी के कारण लंबे सफर के दौरान यात्री बेहाल हो रहे हैं। शौचालयों की हालत भी बेहद खराब है। वहां इतनी गंदगी है कि यात्री एक मिनट भी टिक नहीं पा रहे। सिवनी, छिंदवाड़ा से भोपाल, दिल्ली होते हुए फिरोजपुर तक जाने के लिए यही एकमात्र ट्रेन है, जिससे लोगों को मजबूरी में सफर करना पड़ रहा है।

### सफाई को लेकर समय मिला, लेकिन हालात वही

मार्च माह से पहले यह ट्रेन छिंदवाड़ा से सिवनी पहुंचती थी और तुरंत वापस रवाना हो जाती थी, जिससे सफाई का समय नहीं मिलता था। लेकिन अब इसे सिवनी स्टेशन पर दो घंटे का समय दिया गया है। ट्रेन फिरोजपुर से सुबह 6.20 बजे सिवनी पहुंचती है और सुबह 8.20 बजे फिरोजपुर के लिए वापस रवाना होती है। छिंदवाड़ा से ट्रेन सुबह 9.50 बजे निकलती है। इसके बावजूद ट्रेन की सफाई व्यवस्था बदहाल बनी हुई है।

### यात्रियों को नहीं मिल रही मूलभूत सुविधाएं

सफर कर रहे यात्रियों ने बताया कि किराया बढने के बाद उम्मीद थी कि व्यवस्था सुधरेगी, लेकिन हालात पहले से भी बदतर हो गए हैं। न फटी सीटों की मरम्मत हुई और न ही खिड़कियों की। कई कोचों में पंखे भी नहीं चल रहे हैं, जिससे गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

व्यवस्था सुधारी जाएगी

### ट्रेन में नियमित सफाई कराई जा रही है, फिर भी मैं दिखवाता हूं।

ट्रेन में नियमित सफाई कराई जा रही है। फिर भी मैं दिखवाता हूं। अतिरिक्त सफाईकर्मी लगाकर व्यवस्था और बेहतर की जाएगी।

आमिर खान, सीएंडब्ल्यू

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ कुर्मी समाज पंचांग विशेषज्ञ बी आर कौशिक का सिवनी प्रवास पर किया गया स्वागत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छत्तीसगढ़ कुर्मी समाज पंचांग विशेषज्ञ श्री बी आर कौशिक जी, का सिवनी प्रवास पर हुआ स्वागत। इस अवधि में शमोहन चंदेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास में जिला अध्यक्ष रमेश सनोडिया, श्रीमती आशा चंदेल महिला जिलाध्यक्ष, जी. पी. सनोडिया पूर्व जिला अध्यक्ष, राधेश्याम सनोडिया वरिष्ठ पत्रकार, मलखान कश्यप, प्रदीप पटेल वरिष्ठ समाजसेवी बम्हनीबंजर मण्डला, व अन्य समाजसेवियों के साथ कूर्मि समाज के विभिन्न बौद्धिक एवं रचनात्मक गतिविधियों पर सार्थक चर्चा हुई। मेरे द्वारा उन्हें कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग एवं कूर्मि पुरोहित प्रशिक्षणसे संबंधित चेतना मंच की गतिविधियों पर विस्तार से बताया गया। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगामी सत्र में सिवनी जिले से पुरोहित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किया जाएगा।

### एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मृतकों को सिवनी भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को एयर इंडिया की एक फ्लाइट टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। विमान में लगभग 242 यात्री सवार थे। इस भीषण हादसे की खबर फैलते ही पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुखद घटना के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी सिवनी जिले द्वारा कचहरी चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, पूर्व जिलाध्यक्ष सुजीत जैन एवं सुदर्शन बाझल, अशोक तेकाम सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने इस अवसर पर कहा कि यह हादसा अत्यंत पीड़ादायक और मन को झकझोर देने वाला है। हम सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। उन्होंने प्रार्थना की कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे और शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति एवं धैर्य दे।

## स्वर्गीय श्रीमती शकुंतला तुमराम की तेरहवीं में वृद्धाश्रम पहुंचा परिवार

### वृद्धों को साड़ी गमछा देकर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

घर के बुजुर्ग बच्चों को जैसी शिक्षा देंगे बच्चे वैसा ही सीखेंगे। वन विभाग से सेवा निवृत्त हुई श्रीमती शकुंतला पति रमलू तुमराम की पांच पुत्रियां है जिन्हें तुमराम दंपत्ति ने पुत्रों की तरह पालन पोषण किया। 30 मई को श्रीमती शकुंतला तुमराम का निधन हो गया था जिनकी गंगाजली और तेरहवीं का कार्यक्रम 12 जून को आयोजित था। इस अवसर पर श्रीमती शकुंतला तुमराम के परिजन सिवनी के वृद्धाश्रम पहुंचे और वहां मौजूद बुजुर्गो के साथ तेरहवीं मनाते हुए उन्हें तरह तरह के पकवान के साथ सभी महिलाओं को साड़ी एवं पुरुषों को गमछे सहित अन्य सामग्री प्रदान करते हुए स्वर्गीय माता जी श्रीमती शकुंतला तुमराम को सच्ची



श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में मौजूद बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी को ढेर सारा आशीर्वाद दिया।

**पुत्रियों ने ही दिया था मुखाग्नि**

श्रीमती शकुंतला पति स्वर्गीय रमलू तुमराम के पुत्र नहीं है। उनकी पांच पुत्रियां है । वृद्धाश्रम में स्वर्गीय शकुंतला की पुत्रियों में श्रीमती अभिलाषा- कैलाश ठाकुर, श्रीमती ज्योत्सना विजेंद्र रजक, श्रीमती पूनम - नितिन कुमरे, श्रीमती वैशाली - दुष्यंत साहू, श्रीमती ऊर्जा- हर्ष वर्मा और उनके राखी भाई श्रीमती फरजाना- शमीम खान, बबलू कुमरे , रज्जू भाई, विहान कुमरे, विराज रजक, ईवा साहू सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। 30 मई को श्रीमती शकुंतला तुमराम का निधन हो जाने के बाद उनकी अंतिम यात्रा में पांचों पुत्रियों ने कांधा दिया और मोक्षधाम में सभी रस्म बड़े दामाद कैलाश ठाकुर के साथ करते हुए पांचों पुत्रियों ने अपनी मां को मुखाग्नि देते हुए अंतिम बिदाई दिया था।

## केवलारी में समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता जी के मार्गदर्शन में एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे जी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

5 मई से 6 जून 2025 तक चल रहे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन 13 जून को संदीपनी उत्कर्ष विद्यालय केवलारी विकासखंड केवलारी में हुआ।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में अपने अनुभव और पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद बच्चों को क्यों आवश्यक है विस्तार से बताया ।समर कैंप में कबड्डी में 64 एवं खो खो में 55 बालक बालिका कुल 119 खिलाड़ियों



ने भाग लिया। विकासखण्ड समन्वयक परवीन बेबी ने बताया कि शिविर का समापन समारोह में अध्यक्ष राम टेक्कर जी (थाना प्रभारी ) रफीक खान (मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक अध्यक्ष) विशिष्ट अतिथि पवन यादव (अधिवक्ता एवं समाजसेवी) संतोष पाठक ( महिला बाल विकास) आईजी नामदेव ( खेल प्रशिक्षक) दीपक अमूले (पुलिस स्टाफ) वासिद कुरैशी (रिदा स्पोर्ट्स) श्रीमती ज्योति झरिया (शिक्षिका) सुधीर मुंजारे (कबड्डी कोच) अभिषेक यादव (खो खो कोच) को ट्रैकसूट, टी-शर्ट ,प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रमाण पत्र प्रदान कर संपन्न किया गया। विकासखंड समन्वयक परवीन बेबी द्वारा सभी अतिथि, खिलाड़ियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

## जिले में हुई बीपालएम उपचार पद्धति की शुरूआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी जिले में एमडीआर टीबी मरीजों के लिये पहले से अधिक प्रभावी उपचार हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के निर्देशन में प्रारंभ किया गया। जिला क्षय अधिकारी डॉ. जयज काकोडिया ने बताया कि प्रथम उपचार योग्य मरीज को बीपालएम रेजिमेन की शुरूआत दिनांक 12.06.2025 से की गई है। जिले के समस्त राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के समस्त स्टॉफ को राज्य स्तर से प्रशिक्षित किया जा चुका है। बीपालएम उपचार पद्धति में चार प्रमुख दवाएं बेडाकुलाईन, प्रीटोमेनिड, लाइन्जोलिड, और मोक्सीफ्लोक्सोसिन शामिल है। इन दवाओं का डोज पिछली एमडीआर उपचार प्रक्रिया की तुलना में अधिक प्रभावी और तेज विकल्प साबित हुआ है। पारंपरिक एमडीआर टीबी उपचार 18 से 20 माह तक चलता है, जबकि बीपालएम उपचार पद्धति दवा प्रतिरोधी टीबी को केवल 6 से 9 माह में ठीक कर सकती है। ये दवाईयां 14 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को दी जाना है एवं इससे कम उम्र के मरीजों को निर्धारित चिकित्सीय प्रोटोकाल के तहत दवाइयां दी जावेंगी। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक सुनील धुर्वे, पीएमडीटी समन्वयक बृजेन्द्र पाण्डेय, डीईओ तीरथ सिंह नागोत्रा, सीनियर टीबी लैब सुपरवाईजर शगुलेन्द्र परते सहित मरीज के परिजन उपस्थित रहे।

### पेंच टाइगर रिजर्व का रोमांचक, वीडियो सामने आया

## सफारी के दौरान पर्यटकों ने देखा कि एक तेंदुआ बाघ से बचने के लिए पेड़ पर चढ़ गया

**पेंच टाइगर रिजर्व का रोमांचक वीडियो सामने आया है। सफारी के दौरान पर्यटकों ने देखा कि एक तेंदुआ बाघ से बचने के लिए पेड़ पर चढ़ गया। काफी देर तक बाघ वहां से नहीं हटा। अंत में तेंदुए ने पेड़ से छलांग लगा दी। बाघ ने उसका पीछा किया, लेकिन तेंदुआ बच निकला। वर्तमान में पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की भारी भीड़ है। गर्मियों की छुट्टियों में लोग यहां आकर प्रकृति का आनंद ले रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सुबह और दोपहर में घने जंगल में समय बिताकर पर्यटकों को सुकून मिल रहा है। तापमान बढ़ने और घास सूखने से वन्यप्राणी पानी की तलाश में जंगल से बाहर आ रहे हैं।

### 1179 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है जंगल

पेंच राष्ट्रीय उद्यान 1179 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। यहां 325 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। पार्क के कोर क्षेत्र में 82.30 वर्ग किलोमीटर में 116 किलोमीटर के कच्चे रास्तों पर सफारी कराई जाती है। बीजामट्टा, पाड़देव, लक्ष्मी, काला पहाड़ बाघिन और एल मार्क व स्वास्तिक नर बाघ अकसर पर्यटकों



को दिखाई देते हैं। पर्यटकों को प्रकृति और वन्यजीवों से रूबरू कराने के लिए 150 से अधिक प्रशिक्षित गाइड हैं। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं। खवासा के तेलिया बफर में दिन-रात सफारी की सुविधा उपलब्ध है। सबसे ज्यादा पर्यटक ढुरिया गेट से पेंच पहुंचते हैं।

### डाक्टर की लापरवाही से 7 वर्ष मासूम बच्ची की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आनेवाले ग्राम बम्होडी निवासी वेदिका सनोडिया पिता छवि लाल सनोडिया उम्र लगभग 7 वर्ष मासूम बच्ची की मौत ने चिकित्सा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। परिजनों के अनुसार, 10 जून को जिला अस्पताल में डॉक्टरों की घोर लापरवाही के चलते मासूम बच्ची ने दम तोड़ दिया। पीड़ित परिवार सहित समाज का आरोप है कि जिस समय मरीज गंभीर स्थिति में थी, तब वहां मौजूद डॉक्टर अभय सोनी मोबाइल पर गेम खेलने में व्यस्त था।

इस असंवेदनशील व्यवहार से परिजन एवं समाज में आक्रोश हैं और परिजनों सहित समाज प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर से न्याय की मांग कर रहे हैं। परिवार और समाज स्थानीय लोगों ने इस घटना को पूरे समाज के लिए चिंताजनक बताया है। समाज के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस लापरवाही के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर 12 जून को दोपहर 11:30 बजे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। परिजनों ने प्रशासन से यह सुनिश्चित करने की मांग की है कि भविष्य में इस प्रकार की घटना दोबारा न हो और जिम्मेदार डॉक्टरों एवं स्टाफ पर कठोर कठोर कार्रवाई की मांग की। देखना अब यह है जिला अस्पताल के लापरवाह डाक्टर अभय सोनी पर क्या कार्यवाही होती है।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट में रोक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) की दृष्टि से उन्हें संरक्षण देने हेतु राजा को सभी प्रकार के जल संशाधनों में म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 (2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त की अवधि को बंद ऋतु (**Close season**) घोषित करने के आदेश जारी किए गए हैं। इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट (**Fishing**) पूर्णत निषिद्ध किया गया है साथ ही मत्स्य विक्रय या मत्स्य विनिमय अथवा मत्स्य परिवहन करना पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा।

यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा इन नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) अधिनियम 1981 की धारा-3 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का सश्रम कारावास या 05 हजार रूपये के जुर्माने अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। जन साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अवधि में किसी भी प्रकार का मत्याखेट न तो स्वय करें और न ही इस कार्य में अन्य व्यक्ति को सहयोग दें। जारी आदेशानुसार छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, उनमें यह नियम लागू नहीं होगे।

### प्रेस क्लब सिवनी ने पेश की मिसाल

## प्राथमिक शाला बम्हनी में उपलब्ध कराई 10 डेस्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला प्रशासन की "गिफ्ट अ डेस्क" पहल में जिले के प्रेस क्लब पदाधिकारियों द्वारा भी सहभागिता करते हुय प्राथमिक शाला बम्हनी में अध्ययनरत बच्चों के लिए 10 डेस्क बेंच दान दी गई है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने प्रेस क्लब के सभी मीडिया साथियों का अभिवादन कर जिला प्रशासन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि जिले के मीडिया साथी लगातार सामाजिक सरोकारों के मुद्दे को शासन-प्रशासन के सामने लाकर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से समाज की सेवा करते हैं। प्रेस क्लब द्वारा आज स्कूली बच्चों के लिए डेस्क-बेंच भेंट करना निश्चित रूप से जिले के अन्य दानदाताओं और प्रदेश के अन्य प्रेस क्लब के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। कलेक्टर सुश्री जैन ने उपस्थित ग्रामीणजनों को भी संबोधित कर कहा कि गांव का स्कूल हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वह बेहतर



गिफ्ट अ डेस्क अभियान में सहभागिता की

पढाई हो, गुणवत्तायुक्त भोजन मिले शिक्षक समय से उपस्थित हों और गांव का हर बच्चा स्कूल जाये। उन्होंने शिक्षकों से भी दुगनी मेहनत से बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए प्रयास करने की बात कही।

कलेक्टर सुश्री जैन ने प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री अयोध्या विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष श्री राकेश नागपासे सहित उपस्थित अन्य सभी मीडिया साथियों को आभार पत्र का वितरण किया। प्रेस क्लब के प्रयासों से ग्राम के अन्य दानदाताओं ने भी स्कूल को डेस्क उपलब्ध कराने की सहमति दी गई।

उल्लेखनीय है कि जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालयों की सुविधाओं के उन्नयन के लिए जनभागिदारी से डेस्क बेंच उपलब्ध कराने की दिशा में "गिफ्ट अ डेस्क" पहल कलेक्टर सुश्री जैन के निर्देशन में चलाई जा रही है।

इस पुनित कार्य में बडी संख्या में जिले के दानदाता सहभागिता कर रहे हैं। इच्छुक दानदाता **https:/ /sites.google.com/view/gift-desk/home** में अपना पंजीयन कराकर अपनी इच्छानुरूप स्कूल में डेस्क गिफ्ट कर सकते हैं।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्य प्रदेश,भोपाल एवं कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार तथा उपसंचालक डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिवनी के मार्गदर्शन मे दिनांक 11 जून से 13 जून तक शहरी क्षेत्र स्थित विभिन्न टी-स्टॉल एवं स्ट्रीट फ़ूड वेंडर जिसके अंतर्गत शीतल पेय विक्रय करने वाले खाद्य कारोबारियों की दुकान/स्टालों का निरिक्षण कर खाद्य पदार्थों, मनोहार अमृत तुल्य चाय पैक्ड,चाय बनाने में उपयोग में लाए जा रहे मिस्ड मिल्क, दिव्या अमृत तुल्य चाय प्रीमिक्स, इंजीनियर दी चाय बारपत्थर से बर्गर,चाहपाडी चाय प्रीमिक्स, यूज कुकिंग सोयाबीन ऑयल, फोर्टीफाइड ऑयल, का सेम्पल लेकर जाँच हेतु प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए एवं स्ट्रीट फ़ूड वेंडरों को खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करने सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गईं। अपने फ़ूड स्टालों मे साफ-सफाई स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिए गए ताकि आमजनों को साफ एवं स्वछ खाद्य पदार्थ मुहिया हो सके साथ ही खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के जरूरी प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई।

### बिठली पुलिस चौकी क्षेत्र के पचामा दादर के जंगल में मुठभेड़

## बालाघाट में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर






हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में पुलिस ने एक मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ शनिवार दोपहर में बिठली पुलिस चौकी क्षेत्र के पचामा दादर के जंगल की है। हॉक फोर्स और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली।

एसपी आदित्य मिश्रा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अभी भी ऑपरेशन जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस को पचामा दादर के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद फोर्स यहां भेजी गई। मुठभेड़ में मारी गई तीनों महिला और एक पुरूष नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

मध्य प्रदेश पुलिस और हॉक फोर्स ने इस मुठभेड़ में महत्वपूर्ण हथियार भी बरामद किए, जिनमें एक ग्रेनेड लॉन्चर और एसएलआर शामिल होना बताया जा रहा हैं। यह पुलिस की नक्सल उन्मूलन के प्रयासों में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। मारे गए नक्सलियों से हथियारों के अलावा अन्य उपकरण भी मिले हैं। फिलहाल, मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन जारी है और शवों की बरामदगी की उम्मीद जताई जा रही है। इससे पहले 19 फरवरी को भी बालाघाट पुलिस को बड़ी सफलता मिली थी। कान्हा के वनक्षेत्र सूपखार में रौंदा फारेस्ट कैंप के पास हुई मुठभेड़ में 4 महिला नक्सली मारी गई थीं। इनमें आशा, शीला, रंजीता और लख्खे मरावी शामिल थीं। इन पर कुल 62 लाख रुपए का इनाम था। ये 2015-16 से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय थीं।

स्पेशल डीजी नक्सल पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि बिठली थाना क्षेत्र के पचमा दादर के पहाड़ी इलाके में हुई मुठभेड़ में तीन महिला समेत चार नक्सली मारे गए हैं। इनके पास से एक हैंड ग्रेनेड, एक रॉकेट लांचर, एक 315 राइफल और कारतूस बरामद किए गए हैं। कुछ नक्सली भाग गए सर्च ऑपरेशन जारी है। बालाघाट नक्सली मुठभेड़ पर मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने के अपने संकल्प की दिशा में लगातार काम कर रहा है. बालाघाट में आज हुई मुठभेड़ में 4 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें 3 महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं. उनके पास से रॉकेट लॉन्चर समेत कई हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है... इस घटना में अच्छे परिणाम लाने वाले पुलिसकर्मियों को मध्य प्रदेश सरकार जरूर पुरस्कृत करेगी।

### कथित भू-माफिया कर रहा अवैध प्लाटिंग-

## किसान के खेत में अवैध तरीके से बनाई गई कच्ची सड़क



**हरिभूमि न्यूज़ कटंगी।** कटंगी शहरी सीमा और आसपास क्षेत्रों में कृषि भूमि की बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग कर बिना डायसर्वन के खरीदी-बिक्री करने का गोरखधंधा करीब डेढ़ दशक में काफी तेजी से फैला और पनप रहा है. शहर में कई नामचीन भू-माफिया सक्रिय है जो प्लाटिंग के नाम पर लोगों को ठगने का काम कर रहे है. भू-माफिया लोगों को प्लांट के नाम पर लाख रुपयों का चूना लगा चुके है राजस्व विभाग की कथित सांठगांठ से जारी अवैध कॉलोनियों की खरीद-फरोख्त के मामले में प्रशासनिक उदासीनता से अधिकारियों की भूमिका पर सवालिया निशान खड़े हो रहे है. ताजा मामला कटंगी शहर के अर्जुननाला का है. यहां कथित तौर पर अवैध प्लाटिंग तक जाने के लिए किसान अमर सिंह टेम्भरे के खेत से सड़क बना दी गई है. किसान ने कटंगी थाना, तहसील कार्यालय में इसकी शिकायत की है. तहसीलदार ने पटवारी को स्थल जांच के निर्देश दिए है. पीड़ति किसान ने जानकारी देते हुए बताया कि उदेसिंह पिता मंशाराम ने रातों-रात उसके खेत में सड़क का निर्माण कर दिया गया है. सुबह जब वह अपने खेत की तरफ गए तो कुछ ट्रैक्टर और जेसीबी चल रही थी. जिसे उन्होंने रोकने की कोशिश की तो उदेसिंह ने उनके साथी गाली-गलौज की और धक्का मुक्की की. जेसीबी मशीन चलाने वाले ने प्रशासन को अपनी जेब में रखने की बात कहीं गई. पीड़ति किसान ने बताया कि उदेसिंह ने अपनी कृषि भूमि में कथित तौर पर अवैध प्लाटिंग की है जहां आने-जाने के लिए उनके खेत में अवैध तरीके से कच्चा रास्ता बना दिया गया है.

कटंगी के अलग-अलग हिस्सों में अवैध तरीके से प्लाटिंग की जा रही है. बिना सक्षम अधिकारी और कार्यालय के अनुमति लिए ही अवैध तरीके से प्लाटिंग कर खरीदी-बिक्री की जा रही है. भू माफिया बगैर प्रशासनिक अनुमति के कई एकड़ कृषि भूमि को बगैर डायवर्सन कराए अवैध प्लाटिंग कर बेचने की तैयारी में हैं. जबकि कई कृषि भूमि को डायवर्सन के बाद प्लाटिंग कर लोगों को ठगा जा रहा है. एक ही प्लाट की कई बार बिक्री हो रही है. भू-माफिया किसानों को झांसे में लेकर कम दाम में जमीन का सौदा कर बगैर प्रशासनिक अनुमति के अवैध प्लाटिंग कर रहे है. कटंगी में अधिकांश लोग जो प्लाटिंग का काम कर रहे है. उनका रेरा में पंजीयन तक नहीं हैं. वह स्वयं को बिल्डर बताकर प्लाटिंग कर रहे और सबसे बड़ी बात लोगों को ठगने का काम रही है. किसानों की खेती की जमीन का सौदा कर, कृषि भूमि का बगैर डायवर्सन प्लाट के रुप में टुकड़े कर रहे हैं, जिन्हें खुद का प्रोजेक्ट बताकर धड़ल्ले से बेरोक टोक बेचा जा रहा है.

कटंगी शहर में अवैध प्लाटिंग का धंधा अप्रत्यक्ष तौर पर अधिकारियों की संरक्षण में ही फल-फूल रहा है. दरअसल, जब शिकायतकर्ता भू-माफियाओं की शिकायत लेकर प्रशासनिक अधिकारी पुलिस, तहसीलदार या एसडीएम के पास जाता है तो यहां शिकायत की जांच करने की बताए पीड़ति को चक्कर कटवाएं जाते है. कटंगी तहसील में अवैध प्लाटिंग की दर्जनों शिकायतें लंबित होगी. जिसकी जांच करना अधिकारी उचित नहीं समझ रहे. अगर प्रशासन जांच करता है और अवैध प्लाटिंग पाई जाती है, तो धारा 141 के तहत नोटिस जारी किया जाता है.

## शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर में दिया गया भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज़ उकवा।** 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का एक विमान हादसे का शिकार हो गया. हादसा इतना भयावह था कि विमान में सवार केवल एक ब्रिटिश यात्री को छोड़कर सभी लोगों की मौत हो चुकी है. मारे गए लोगों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल हैं. इस दुर्घटना ने पूरी दुनिया को झांकोर के रख दिया, देश मे कही भी कभी भी कतई ऐसी घटना न हो, कि कभी कोई परिवार किसी अपने से ऐसे हादसे के बाद हमेशा के लिए बिछड़ जाए। इस दुर्घटना ने जहाँ लगभग इस विमान में 242 लोग (169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई यात्री और 12 क्रू मेंबर्स) सवार थे. हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 274 हो गई है लोंगो को हमेशा के लिए अपनो से जुदा कर दिया वही जिंदगी भर के लिए अपनो की आंखों में आँशु छोड़ दिये। दिवंगत आत्माओ को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद बैहर के सभी समाजसेवी छात्रा- छात्राएं द्वारा भावभीनी श्रधांजलि अर्पित कर केंडल मार्च निकाला, इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित रहे। ब्लॉक समन्वयक महेश पटले, परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुरेश यादव, कुंदन मेरावी समाजसेवी संदीप गजभिये, अभय यादव, विमल भावे, ज्योति कुर्वेती, मोनिका ठाकरे,अंकित पटले, सोनिका यादव, नीलिमा,शीतल बिसेन,लवकेश सोनवानी, पूर्णिमा,कुलदीप अजित गोदावरी कटरे, रक्षा पारधी, राजेश मरकाम आदि समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में आचार्य दक्षता परीक्षा सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



14 जून दिन शनिवार को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में सरस्वती शिक्षा परिषद जबलपुर मध्य प्रदेश के योजनानुसार जिले के नियमित आचार्य दीदीयों की आचार्य दक्षता परीक्षा संपन्न हुई। इस परीक्षा में जिला सचिव श्री सुंदर बिसेन केंद्राध्यक्ष के रूप में पूरे समय उपस्थित रहे इसके साथ ही पर्यवेक्षक के रूप में राजेश राहंगडाले प्राचार्य, शिशु मंदिर बालाघाट, दिनेश गिरी गोस्वामी प्राचार्य लांजी, चुन्नीलाल बोपचे प्राचार्य कारंजा, प्रकाशचंद्र पांडे प्राचार्य किरनापुर उपस्थित रहे परीक्षा में कुल 79 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था जिसमें 59 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए और 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई शिशु मंदिर बालाघाट के समस्त आचार्य दीदीयों ने व्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह किया।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता-पिक-अप चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज़ कटंगी।



करीब 4 माह पहले पिक-अप वाहन की चोरी के मामले में कटंगी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने चोरी करने वाले 03 चोरों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया. चोरों ने पुलिस को बताया कि वह अपने शौक पूरा करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देते थे. पुलिस ने शुक्रवार की सुबह साढ़े 11 बजे के आस-पास चोरों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 और 24 फरवरी की दरमियानी रात्रि अज्ञात चोरों ने नगर के अस्पताल मैदान से पिक अप वाहन क्रमांक एमएच 40 वाई 2545 को चोरी कर लिया था. पीड़ति ने 24 फरवरी की सुबह थाना पहुंचकर वाहन चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी. पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303 (2) की कार्रवाई थी. पुलिस अज्ञात चोरों और वाहन की तलाश में थी. जिसमें पुलिस को सफलता मिली पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले चोर रामदास पिता रिखीराम राय उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम चिखला थाना कुरई जिला सिवनी, राहुल पिता हेमनदास पड़वार उम्र 21 वर्ष निवासी जोगाटोला थाना कटंगी, प्रवीण पिता राम फांसे उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 07 नंदी टेकाड़ी को गिरफ्तार किया. आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 317 (2), 3 (5) का इजाफा किया गया है. चोरी के मुख्य आरोपी रामदास राय आदतन अपराधी है. महाराष्ट्र के नागपुर, मनसर और मौदा थाने में इनके खिलाफ अन्य चोरी के मामले दर्ज होना बताया जाता है. रामदास ने पिक-अप चोरी की वारदात को तब अंजाम दिया था जब वह रिश्तेदारी में कटंगी के एक गांव में आया था. तभी उसने चोरी की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया. पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देशन पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक शर्मा के निर्देशन और थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पूरे मामले की जांच करते हुए चोरों को गिरफ्तार किया है.

## रक्तदान करें, जीवन बचाएं- केवल एक यूनिट का महादान, सबसे सरल दान रक्तदान

हरिभूमि न्यूज किरनापुर ।

14 जून, 2025 हर साल 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य रक्तदान के महत्व को उजागर करना और लोगों को इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर जिले में एक विशेष संस्था ₹युवा समर्पण रक्तदान वेलफेयर सोसाइटी₹ लगातार 12 वर्षों से काम कर रही है। इनका मानना है कि पिछले 12 वर्षों में प्रत्यक्ष और अप्रत्क्ष रूप से लगभग 10 हजार से अधिक जरूरतमंद लोगों की सहायता इनकी टीम के माध्यम से की जा चुकी है। किसी जरूरतमंद को आधी रात को भी यदि ब्लड की आवश्यकता हो तो इस टीम के सभी सदस्य हमेशा सक्रिय रहते है और समय पर पहुंच कर मदद करते है। हमारा बालाघाट जिला थेलेसीमिया से ग्रसित है , और बहुत से मरीजों को सिकल सेल एनीमिया भी है, संस्था का प्रयास है कि जिले में कोई भी व्यक्ति रक्त की कमी से न जूझे, संस्था लगातार प्रयास करती है और मोबाइल और व्हाट्सएप के माध्यम से मध्यप्रदेश के सभी जिलों और भारत के 7 राज्यों तक टीम ने अपनी जगह बना ली है।

दुनियाभर में हर दिन लाखों लोगों को दुर्घटना, सर्जरी, प्रसव, या गंभीर बीमारियों जैसे थैलेसीमिया और कैंसर के इलाज के लिए



रक्त की आवश्यकता होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, सुरक्षित रक्त की आपूर्ति हर देश की स्वास्थ्य प्रणाली की आधारशिला है। फिर भी, भारत जैसे देशों में रक्त की कमी के कारण कई मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता।

### युवा समर्पण वेलफेयर सोसाइटी, बालाघाट का योगदान

युवा समर्पण वेलफेयर सोसाइटी, बालाघाट सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत एक गैर-सरकारी संगठन है। यह संस्था रक्तदान शिविरों के आयोजन के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सोसाइटी ने बालाघाट के विभिन्न क्षेत्रों में रक्तदान शिविर आयोजित किए, जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा, संस्था नियमित रूप से स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम चलाती है ताकि युवाओं को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। सोसाइटी ने आपातकालीन स्थिति में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक रक्तदाता डेटाबेस भी तैयार किया है, जो जरूरतमंद मरीजों को तुरंत रक्त उपलब्ध कराने में सहायक है। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में भी सोसाइटी के प्रयास सराहनीय हैं।

### संस्था में तत्पर सदस्य रहते है हमेशा सक्रिय

गौतम ब्रम्हे अध्यक्ष, प्रशांत नागेश्वर सचिव, रेहान खान कोषाध्यक्ष, दीपांशु वराडे उपाध्यक्ष,रविकांत वैध सहसचिव, सुभाष सर संरक्षक, मनीष चौहान मीडिया प्रभारी, कृष्णा पंचेश्वर व अशफाक खान सदस्य इन सभी युवाओं का उद्देश्य है कोई जीवन खून की कमी से न जाए। यही नहीं, समिति ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन तो करती ही है, साथ

ही आपातकालीन परिस्थितियों में अस्पतालों और मरीजों के परिजनों से समन्वय स्थापित कर स्वयंसेवकों के माध्यम से समय पर रक्त भी उपलब्ध करवाती है।

### रक्तदान एक सुरक्षित, सरल और संजीवनी प्रक्रिया है

बालाघाट में युवा समर्पण वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि 18 से 60 वर्ष की आयु का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

### आप भी बनें जीवन रक्षक

रक्तदान एक ऐसा दान है जो किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। इस विश्व रक्तदान दिवस पर संकल्प लें कि आप नियमित रूप से रक्तदान करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करेंगे।

## ख्याति प्राप्त गौतम खट्टर पहुंचे मंडला हुआ स्वागत

**मण्डला।** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गौतम खट्टर के मंडला आगमन पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला से उनका स्वागत किया है। सामाजिक कार्यकर्ता अजय वंशकार ने बताया कि गौतम खट्टर अंर्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हिन्दू विचार धारा के कार्यकर्ता है जिनके औजस्वी उद्बोधन पूरे देश में चर्चा में बनें रहते हैं। इने हम यूट्यूब फैसबुक इंस्टाग्राम या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सुनते आए हैं ऐसे ओजस्वी तेजस्वी वक्ता को सुनने का मौंका जिलेवासियों को मिला है। श्रेष्ठ भारत अजेय भारत के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री खट्टर का आगमन हुआ।

## सीनियर राष्ट्रीय वुशु कुंगफू प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए तोषराम कनोजे

### जयपुर राजस्थान में मध्यप्रदेश का करेंगे प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी के तोषराम कनोजे 14 से 19 जून तक जयपुर राजस्थान में आयोजित सीनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम से ट्रेडिशनल कुंगफू में लचकदार हथियार नान चाकू का प्रदर्शन करेंगे। तोषराम कनोजे का चयन 7 जून को देवास में आयोजित वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया की हेडहाक कमेटी द्वारा राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु ट्रायल में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर किया गया तथा 24 वे मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय सीनियर प्रतियोगिता मे पदक प्राप्त करने के आधार पर किया गया। कनोजे 20 सालों से कराटे, बॉक्सिंग, जुजित्सु, ताइक्वांडो, जूडो किक बॉक्सिंग, कगारीपयट्टू, वुशु कुंगफू , मार्शल आर्ट की प्रैक्टिस कर रहे एवं राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीलंका, साउथ अफ्रीका, शारजाह, दुबई आदि देशों में ऑफिशल अधिकृत मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता वल्ड चैंपियनशिप, कॉमनवेलथ चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप में भारत देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। तोषराम कनोजे वर्तमान में खेल एवं युवा कल्याण विभाग रीवा में जिला खेल प्रशिक्षक कराते कोच के पद पर कार्यरत है।

DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
फोन 6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन
फिटर
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
फोन 7999525911, 9425892823
BCA
M.Sc.(CS)
DCA
PGDCA
विशेषताएं:-

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass
& Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस, माईनिंग, सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com